# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination (2018 – 2019)

DS 21/9/18

**Class: III** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 2 Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

***General Instructions:***

**सामान्य निर्देश :–**

(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– 'क' , 'ख', 'ग' और 'घ' ।

(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।

(3) निर्धारित समय–सीमा 2.00 +15 घंटे हैं।

**(खण्ड 'क')**

**प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X3=6)**

श्री राम को चौदह वर्ष का वनवास मिला था। वे अपने छोटे भाई लक्ष्मण और पत्नी सीता के साथ वन में जा रहे थे। रास्ते में गंगा नदी पड़ी श्री राम ने केवट से अपनी नाव में गंगा पार करा देने का अनुरोध किया। केवट ने कहा– "हे प्रभु ! मैं गंगा पार तो करा दूँगा, लेकिन मेरी नाव पर चढ़ने से पहले आपको अपने चरण धुलवाने होंगे।"

**क)** श्री राम को कितने वर्ष का वनवास मिला था ?

**ख)** श्री राम किसके साथ वन जा रहे थे ?

**ग)** रास्ते में कौन–सी नदी पड़ी ?

**प्र0 2 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1X5=5)**

फूलों से हम हँसना सीखें,
और कली से मुस्काना,
पत्तों से मस्ती में झूमें
डाली से झुक–झुक जाना।
सीखें सीख मस्त नदियों से,
बहते जीवन में जाना,

**क)** फूलों से हम क्या सीखते हैं ?

**ख)** हम मुस्काना किससे सीखते हैं ?

**ग)** नदियाँ हमें क्या सिखाती हैं ?

**घ)** 'कली' शब्द का बहुवचन लिखिए।

**ङ)** हम मस्ती में झूमना किससे सीखते हैं ?

(खण्ड 'ख')

**प्र0 3 नीचे लिखे वाक्यों में सही अथवा गलत बताइए–** (1X5=5)

क) मन के भाव प्रकट करने का साधन भाषा कहलाता है।

ख) जिस ध्वनि के टुकड़े न हो सके उसे वर्ण कहते हैं।

ग) 'अ' स्वर की मात्रा लगती है।

घ) लड़का का बहुवचन लड़की है।

ङ) 'राजा' का स्त्रीलिंग शब्द 'रानी' है।

**प्र0 4 नीचे दिए गए शब्दों को रिक्त स्थान में भरिए–** (1X5=5)

(शब्द, ग्यारह, पेंसिल, चाचा, संज्ञा )

क) वर्णों के सार्थक समूह को ———————— कहते हैं।

ख) हिंदी भाषा में ————————— स्वर होते हैं।

ग) किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को —————————— कहते हैं।

घ) 'चाची' का पुल्लिंग शब्द ———————— होता है।

ङ) 'वस्तु' का उदाहरण ———————— है।

**प्र0 5 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1X5=5)

क) सर्वनाम किसे कहते हैं ?

ख) संज्ञा का एक उदाहरण लिखिए।

ग) लिपि किसे कहते हैं ?

घ) मात्रा लगाइए – क + ऋ =

ङ) वर्णों के कितने भेद हैं ?

(खण्ड 'ग')

**प्र0 6 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखिए–** (1X5=5)

मोर के पंख बहुत सुंदर होते हैं। इनसे रंग–बिरंगे पंखे, मुकुट और सजावट की अनेक चीज़ें बनाई जाती हैं। भगवान श्री कृष्ण हमेशा मोरपंख से बना मुकुट पहनते थे। बच्चों को मोरपंख बहुत अच्छे लगते हैं, वे अपनी किताबों में संभाल कर रखते हैं। देश–विदेश के सभी चिड़ियाघरों में मोर देखने को मिलते हैं। मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।

क) किसके पंख बहुत सुंदर होते हैं ?

ख) भगवान श्री कृष्ण हमेशा क्या पहनते थे ?

ग) मोरपंख किसको बहुत अच्छे लगते हैं ?

घ) मोर कहाँ देखने के लिए मिलते हैं ?

ङ) हमारा राष्ट्रीय पक्षी क्या है ?

**प्र0 7 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (2X7=14)

**क)** गधा अपनी पीठ पर क्या लादकर ले जाता था ?

**ख)** मोर का रंग कैसा होता है ?

**ग)** रामू को पास के गाँव क्यों जाना था ?

**घ)** शिकारी ने जाल क्यों बिछाया ?

**ङ)** पार्क कहाँ था ?

**च)** वृक्षारोपण किस ऋतु में किया जाता है ?

**छ)** खेत में क्या–क्या बोया गया ?

**प्र0 8 नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1X5=5)

नन्हा बीज एक बो दो तुम
वही पेड़ बन जाएगा
छोटा–सा तुम दीप जला दो
अंधकार मिट जाएगा।
मीठे बोल अगर बोलो तो
अपनापन बढ़ जाएगा

**क)** नन्हा बीज बोने पर क्या बन जाता है ?

**ख)** क्या जलाने से अंधकार मिट जाएगा ?

**ग)** 'नन्हा' का शब्दार्थ लिखिए।

**घ)** 'दीप' का शब्दार्थ लिखिए।

**ङ)** अपनापन कैसे बढ़ेगा ?

**प्र0 9 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (2X6=12)

**क)** हमें किसके समान आगे बढ़ना चाहिए ?

**ख)** कोयल ने कूक–कूक कर क्या किया ?

**ग)** मीठे बोल का दूसरों पर क्या असर होता है ?

**घ)** देश बड़ा कब होगा ?

**ङ)** कोयल ने अपनी माँ से क्या–क्या सीखा ?

**च)** निडर क्या करता है ?

**प्र0 10 मिलान कीजिए–** (1X4=4)

| | |
|---|---|
| ध्वजा | सज़ा |
| ठोकर | झंडा |
| दुश्मन | धक्का |
| दंड | शत्रु |

2/9/18

**प्र0 11 किसने, किससे कहा ?** **(1X4=4)**

**क)** इस बार तुम जड़ें ले लेना और जो बचेगा मैं उसी में संतोष कर लूँगा।

**ख)** महाराज ! मैं छोटा ज़रूर हूँ, पर मेरा वादा है कि ज़रूरत पड़ने पर मैं आपके काम आऊँगा।

**ग)** मुझे जंगल के पार एक गाँव जाना है।

**घ)** तुमने मेरा, जंगल के राजा का अपमान किया है।

**(खण्ड 'घ')**

**प्र0 12 दिए गए पत्र को पढ़कर रिक्त स्थान भरिए–** (5)

परीक्षा भवन,

ओ0 पी0 जिंदल स्कूल,

सावित्री नगर ——————(1)

दिनांक ——————(2)

प्रिय —————— (3)

सप्रेम नमस्ते!

हम सब यहाँ पर ——————(4) हैं। आशा ———— (5) कि तुम भी वहाँ कुशल होगे। तीन दिन बाद तुम्हारा जन्मदिन है। तुम्हे जन्मदिन की —————(6) ——————(7)। मैं तुम्हारे लिए एक ——————(8) भी भेज ————— (9)। अपने माता–पिता को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारा मित्र

———— (10)

**प्र0 13** दिए गए सहायक शब्दों का प्रयोग कर कहानी पूरी कीजिए– (5)

(जंगल, पशु–पक्षियों, साँप, खाता, घना, बांबी, चींटियाँ, डराकर, एकता, भयानक)

एक (1)—————— जंगल था। उसमें एक (2)—————— साँप रहता था। वह पक्षियों के अंडे मेंढ़क और चूहे आदि (3)—————— था। अधिक खा–खाकर वह मोटा हो गया था। इस कारण उसका (4)—————— छोटा पड़ने लगा। वह दूसरे बांबी में रहने लगा। वहाँ पर (5)———— भी रहती थी। साँप ने सब (6)—————— को (7)—————— भगा दिया। चींटियों को भी बांबी छोड़ने के लिए कहा। लेकिन चींटियाँ नहीं मानी। एक दिन सभी चींटियाँ मिलकर (8)—————— को काटने लगी। साँप हज़ारों चींटियों के काटने से दर्द से कराहने लगा। साँप ने चींटियों से माफ़ी माँगी और वह (9)————— में रहने लगा। चींटियों ने अपनी (10)————— से साँप को हरा दिया।

**———00———**

18/9/17